राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

## जैन विश्व भारती संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए राज्यपाल श्री बागडे

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को किया सम्मानित

## विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों लिए प्रेरित किया जाए– राज्यपाल

जयपुर/डीडवाना– कुचामन, 20 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शिक्षा के जरिए चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किए जाने का आह्वान किया है।

राज्यपाल श्री बागडे गुरुवार को लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती संस्थान के 35वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने वाली है। प्राचीन ज्ञान के आधुनिकीकरण के साथ हम सभी विकसित भारत की संकल्पना को साकार करें। उन्होंने आचार्य तुलसी को याद करते हुए उनके अणुव्रत आंदोलन एवं नशा मुक्ति हेतु किये गए प्रयासों से प्रेरणा लेकर नशा मुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प लेने पर भी जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान समुद्र समान है, हमें बौद्धिक क्षमता का विकास करना चाहिए और लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान शिक्षा,खेल,शोध एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों और संस्थान के शिक्षकों को सम्मानित भी किया।

इससे पूर्व राज्यपाल श्री बागडे ने विश्वविद्यालय के नवीनीकृत कुलपति कार्यालय और सेमिनार हॉल का उद्‌घाटन किया। साथ ही इस अवसर पर जैन विश्व भारती चिकित्सालय का शिलान्यास भी किया।

———

## राज्यपाल श्री बागडे की शीतला सप्तमी – अष्टमी पर शुभकामनाएं

जयपुर, 20 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शीतला सप्तमी – अष्टमी (21, 22 मार्च) पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने शीतला माता से सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, शांति समृद्धि और आरोग्य प्रदान करने की कामना की है।

————————


पूजन समारोह
जैन विश्व भारती चिकित्सालय
माननीय श्रीमान् हरिभाउ बागड़े, राज्यपाल, राजस्थान राज्य




जैन विश्वभारती संस्थान ( मान्य विश्वविद्यालय ), लाडनूं
श्री हरिभाऊ बागडे
चैत्र, कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत् 2082, गुरुवार, 20 मार्च, 2025 को सम्पन्न हुआ।


35वाँ
स्थापना दिवस समारोह
20 मार्च, 2025
जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय), लाडनूँ
35वाँ स्थापना दिवस समारोह
चैत्र, कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत् 2081, गुरुवार, 20 मार्च, 2025
मुख्य अतिथि
श्री हरिभाऊ बागडे
माननीय राज्यपाल, राजस्थान
अर्जुनराम मेघवाल
प्रो. बच्छराज दूगड़
कुलपति
जैन विश्वभारती संस्थान
DAYAL



दिवस
विक्रम संवत् 2081, गुरुवार, 20
मुख्य
कोमल प्रजापत
जैन विश्वभारती संस्थान


स्थापना दिवस
विक्रम संवत् 2081, गुरुवार, 20


कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत्
श्री हरिभाऊ
DAYAL
35वाँ
स्थापना दिवस समारोह


कृष्ण षष्ठी, विक्रम
DAYAL
35वाँ
स्थापना दिवस समारोह